भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2210#
गुरुवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना**

**2210# डा. कल्पना सैनी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के अंतर्गत, योजना की शुरूआत से लेकर अब तक, विशेष रूप से उत्तराखंड राज्य में, पर्यटन क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान किए गए व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) ऐसे प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें रोजगार प्राप्त हुआ है या जिन्होंने ग्रामीण पर्यटन, होम-स्टे या कोई अन्य स्व-रोजगार गतिविधियाँ शुरू की हैं;

(ग) क्या उत्तराखंड के पिछड़े, पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों की महिलाओं और युवाओं को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक पर्याप्त पहुँच प्रदान की जा रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय, "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण" (सीबीएसपी) योजना के अंतर्गत, पूरे देश में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, योजना की शुरुआत से अब तक कुल 5.54 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 25250 व्यक्तियों को उत्तराखंड में प्रशिक्षित किया गया है। इन प्रशिक्षणों के परिणामस्वरूप प्लेसमेंट, स्व-रोज़गार तथा उद्यमिता में वृद्धि हुई है और लोग उच्च शिक्षा का चयन कर रहे हैं। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 59210 व्यक्तियों को प्लेसमेंट मिला है।

सभी सरकारी और सूचीबद्ध संस्थान प्रशिक्षण आयोजित करने से पहले विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विज्ञापन देते हैं, जो इन्हें उत्तराखंड राज्य सहित देश के पिछड़े, पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों, महिलाओं और युवाओं के विविध समूह तक इसकी जानकारी पहुंचाने में प्रभावी बनाते हैं।

*****